अमर उजाला 02/12/2023

जीएमएन कॉलेज में भी फैलाई जागरूकता : अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के प्रांगण में प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के निर्देशन और डॉ. धर्मवीर सैनी के नेतृत्व में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों को आयोजित किया। इस अवसर पर एक जागरूक व्याख्यान, पोस्टर प्रतियोगिता और शपथ ग्रहण की।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस बीमारी का इलाज केवल सामाजिक जागरूकता है, यदि हम स्वयं इस बारे में जागरूक होंगे तभी समाज के लोगों को जागरूक कर पाएंगे इसलिए हमारी यह नैतिक जिम्मेदारी है कि हम व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से इस बीमारी को समाज से पूरी तरह से समाप्त करें। इसी श्रेणी में राष्ट्रीय सेवा समिति के अधिकारी डॉ धर्मवीर सैनी ,अवनीश कुमार और डॉ.सरोज बाला ने एड्स के संदर्भ में विद्यार्थियों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

इस कार्यक्रम में एनएसएस, यूथ रेडक्रॉस के स्वयंसेवकों के साथ-साथ एनसीसी के कैडेट्स ने डॉ. एसएस नैन के नेतृत्व में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर डॉ. एसएस नैन, डॉ. सत्येंद्र पांडेय, डॉ. बृजेश कुमार, डॉ केके पुनिया, डॉ. कुलदीप यादव, डॉ. राजेंद्र देशवाल, डॉ तृप्ति शर्मा, लवप्रीत सिंह और सुषमा शर्मा उपस्थित रहे। विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया।